>

Title: Need for repairing and double-planing of National Highway No. 76 in Uttar Pradesh.

**श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा):** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच.-76 जो बुंदेलखण्ड का एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग है, उस संबंध में आपने मुझे प्रश्न उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच. 76, प्रदेश के इलाहाबाद, विन्ध्याचल, चित्रकूट, खजुराहो आदि अनेकों धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को झांसी, ग्वालियर व राजस्थान से जोड़ता है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत अत्यन्त ही जर्जर हो गई है। आये दिन कोई न कोई दुर्घटना हो रही है जिससे बुन्देलखण्ड की जनता में आक्रोश व्याप्त है।

प्रदेश के इस सबसे पिछड़े क्षेत्र बुन्देलखण्ड के विकास हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा बुन्देलखण्ड पैकेज की घोषणा तो की जा चुकी है किन्तु राष्ट्रीय राजमार्गों के मरम्मत जैसे आधारभूत एवं महत्वपूर्ण कार्यों के क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। एक तरफ तो सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड के विकास की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं किन्तु बुन्देलखण्ड के राष्ट्रीय राजमार्गों को सुधारने हेतु कोई गंभीर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

अभी हाल ही में योजना आयोग के उपाध्यक्ष जी द्वारा झांसी में बैठक बुलाई गई थी जिसमें मेरे एवं बुन्देलखण्ड के अन्य सांसदों द्वारा भी इस राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत एवं दोहरीकरण हेतु सुझाव दिए गए थे किन्तु अभी तक इसकी मरम्मत का कार्य नहीं किया जा सका है।

इस राजमार्ग की हालत इलाहाबाद से चित्रकूट, बांदा एवं महोबा तक अत्यन्त दयनीय है। जगह-जगह पुलिया क्षतिग्रस्त हैं एवं बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हो गए हैं, कहीं-कहीं तो सड़क एवं खेतों में अन्तर करना भी मुश्किल है। खेत और सड़क एक जैसे हो गए हैं।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि एन.एच.-76 के मरम्मत को तत्काल कराकर इसका दोहरीकरण किया जाए। धन्यवाद।